**NEWS CLIPPING: 22.01.2019**

**PUNJAB KESARI**

# देश में विज्ञान को प्रोत्साहित करने के लिए हुआ विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम

## 'विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रोत्साहन के लिए विज्ञान भारती का प्रयास सराहनीय'



*विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

फरीदाबाद, 21 जनवरी (ब्यूरो): देश में विज्ञान को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यरत संस्था विज्ञान भारती (विभा) द्वारा जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सहयोग से राष्ट्रीय स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय शिविर तथा बहुस्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर व परीक्षा में 126 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस शिविर व परीक्षा का उद्देश्य कक्षा 6 वीं से 11वीं तक विज्ञान में रूचि रखने वाले राज्य के श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन करना था, जो राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। विज्ञान भारती की सदस्य डॉ. रंजना अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थी विज्ञान मंथन की परीक्षा पद्वति की प्रशंसा की, जिसके तहत विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय योगदान के बारे में पढ़ने का अवसर दिया जा रहा है।


पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 22 January 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/36005412

**NEWS CLIPPING: 22.01.2019**

## PUNJAB KESARI COM

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन के तहत आयोजित हुआ राज्य स्तरीय शिविर

# राष्ट्रीय शिविर के लिए 18 विद्यार्थी चयनित

**फरीदाबाद** ,(ब्यूरो):देश में विज्ञान को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यरत संस्था विज्ञान भारती विभा द्वारा जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सहयोग से राष्ट्रीय स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय शिविर तथा बहुस्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर व परीक्षा में 126 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस शिविर व परीक्षा का उद्देश्य कक्षा 6वीं से 11वीं तक विज्ञान में रूचि रखने वाले राज्य के श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन करना थाए जो राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय शिविर का आयोजन इसी वर्ष मई में किया जायेगा। शिविर व परीक्षा के आधार पर 18 विद्यार्थियों प्रत्येक कक्षा से तीन्द्ध का चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् के तहत विज्ञान भारती तथा विज्ञान प्रसार के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान प्रतिभाओं की खोज के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पहली विज्ञान पर राष्ट्रीय परीक्षा 25 से 28 नवम्बर, 2018 को आयोजित की गई थी, जिसमें एक लाख 47 हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था और हरियाणा के विभिन्न विद्यालयों से परीक्षा में आठ हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस परीक्षा के आधार पर हरियाणा विज्ञान परिषद् द्वारा लगाये गये शिविर के लिए 147 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इस शिविर में प्रतिभागियों ने रचनात्मक लेखन की कौशल परीक्षा, प्रयोगात्मक कौशल, प्रस्तुतिकरण, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच तथा अभिनव अध्ययन पर आधारित बहुस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 126 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें से 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

> **विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रोत्साहन के लिए विज्ञान भारती का प्रयास सराहनीय: प्रो दिनेश कुमार**



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।(छाया :पंजाब केसरी)

प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को समापन समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो बी के कुठियाला ने नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा विज्ञान के योगदान पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर विज्ञान भारती के आयोजक सचिव जयंतराव सहस्त्रबुद्धे भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान को प्रोत्साहित करने के विज्ञान भारती के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह युवाओं विशेष रूप से स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा गणित को प्रोत्साहित करने की एक अच्छी पहल है।

## NAVBHARAT TIMES

# चुने 18 विद्यार्थी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** संस्था विज्ञान भारती ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी के सहयोग से राज्य स्तरीय शिविर का आयोजन किया। विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में छठी से 11वीं क्लास तक के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। परीक्षा, प्रयोगात्मक कौशल, प्रस्तुतिकरण, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच पर आधारित प्रतियोगिताएं कराई गईं। इससे 18 स्टूडेंट्स का चयन किया गया, जो राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**NEWS CLIPPING: 22.01.2019**

**AMAR UJALA**

## राष्ट्रीय शिविर के लिए 18 विद्यार्थी चयनित

**फरीदाबाद।** विज्ञान भारती (विभा) द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के सहयोग से राष्ट्रीय स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय शिविर व बहुस्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर व परीक्षा में 126 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस शिविर व परीक्षा का उद्देश्य कक्षा 6 से 11वीं तक विज्ञान में रूचि रखने वाले राज्य के श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन करना था। शिविर व परीक्षा के आधार पर 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया। विज्ञान भारती और विज्ञान प्रसार के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान प्रतिभाओं की खोज के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 22.01.2019**

**HINDUSTAN**

# विज्ञान मंथन के राष्ट्रीय शिविर के लिए 18 छात्र चुने

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में सोमवार को राष्ट्रस्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय शिविर तथा परीक्षा का आयोजन हुआ।

विज्ञान भारती (विभा) के सहयोग से कराए गए इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से करीब 126 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विज्ञान में रुचि रखने वाले कक्षा छठी से 11वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। हर कक्षा से तीन और कुल 18 छात्रों का चयन किया गया है। चयनित छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय शिविर का आयोजन मई में किया जाएगा। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् के तहत विज्ञान भारती तथा विज्ञान प्रसार के संयुक्त प्रयासों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सोनिया बंसल रहीं। मौके पर विज्ञान भारती के आयोजक सचिव जयंतराव सहस्त्रबुद्धे, डॉ. रंजना अग्रवाल, पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. रजनीश अरोड़ा, विज्ञान मंथन के राज्य संयोजक डॉ. विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।